| |
|---|
| दिनांक 22.02.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 25/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद मऊ/थाना दोहरीघाट

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 22.02.2025 को थाना दोहरीघाट पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर बस स्टैण्ड नई बाजार बाईपास पुल के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त फखरूद्दीन को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना दोहरीघाट पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना दोहरीघाट पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1– फखरूद्दीन निवासी अवरही हरैया थाना महुआडीह जनपद देवरिया।

## जनपद सहारनपुर/थाना गागलहेडी

- **15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 22.02.2025 को थाना गागलहेडी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कोलकी पुल के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त राहुल उर्फ तिगडी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना गागलहेडी पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 15 हजार रूपये का

पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद मुजफ्फरनगर, सहारनपुर के विभिन्न थानों पर लूट, डकैती, चोरी, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 19 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना गागलहेडी पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–राहुल उर्फ तिगडी निवासी ग्राम पीपलहेडा थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर।

**बरामदगी**

1–01 मोटर साइकिल।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस आदि।

## जनपद बागपत/थाना दोघट

- **पुलिस कार्यवाही में 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 21.02.2025 की रात्रि को थाना दोघट व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र में पुलिस कार्यवाही के दौरान पुरस्कार घोषित अभियुक्त सौरभ घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट), 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना दोघट पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना दोघट पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सौरभ निवासी मुडिया खेडा चौराहा थाना व जनपद भिण्ड मध्य प्रदेश।

**बरामदगी**

1–01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय खोखा कारतूस।

**जनपद संतकबीर नगर/थाना दुधारा**

- **10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 22.02.2025 को थाना दुधारा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर भिटवा पुलिया के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त अजीत को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना कोतवाली खलीलाबाद पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना दुधारा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अजीत निवासी उसका राजा थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

**जनपद मुजफ्फरनगर/थाना तितावी**

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूटे गये 02 मोबाइल फोन**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)**
- **02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 22.02.2025 को थाना तितावी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर तिरपड़ी कट के पास बदमाशों की घेराबंदी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान

से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में 02 अभियुक्त 1–आकाश उर्फ मोंटी 2–आर्यन उर्फ नन्दू घायल हो गये, जिन्हे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूटे गये 02 मोबाइल फोन, 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट), 02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 16.02.2025 की रात्रि थाना तितावी क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना तितावी पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद मोबाइल फोन उक्त घटना से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना तितावी पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–आकाश उर्फ मोंटी निवासी काजीखेड़ा थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर।

2–आर्यन उर्फ नन्दू निवासी काजीखेड़ा थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर।

**<u>बरामदगी</u>**

1–लूटे गये 02 मोबाइल फोन।

2–01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

3–02 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## <u>जनपद बिजनौर/थाना मंडावर</u>

- **पुलिस कार्यवाही में 01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 21.02.2025 को थाना मंडावर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर चेकिंग के दौरान मौहंडिया पुलिया पर बदमाश को रोकने का प्रयास किया गया तो

बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त मनोज उर्फ नेवला घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट), 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद बिजनौर के विभिन्न थानों पर हत्या, चोरी, लूट, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 30 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना मंडावर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1– मनोज उर्फ नेवला निवासी ग्राम अंगाखेड़ी थाना मंडावर जनपद बिजनौर।

**बरामदगी**

1–01 मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

2–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## जनपद बुलन्दशहर/थाना पहासू

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 02 लाख 35 हजार रूपये नगद**
- **घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)**
- **01 पिस्टल मय जीवित कारतूस आदि बरामद**

दिनांक 21.02.2025 को थाना पहासू व क्राइम बान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर दिल्ली में औखला मण्डी के पास से अभियुक्त आमिर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लूट के 02 लाख 35 हजार

रूपये नगद, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट), 01 पिस्टल मय जीवित कारतूस आदि बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 15.02.2025 को थाना पहासू क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना पहासू पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त से बरामद रूपये उक्त घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद बुलन्दशहर, दिल्ली प्रान्त के विभिन्न थानों पर लूट, चोरी, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 07 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना पहासू पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1– आमिर निवासी शेखबाडा कस्बा व थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

**बरामदगी**

1–लूट के 02 लाख 35 हजार रूपये नगद।

2–घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल (बिना नम्बर प्लेट)।

3–01 पिस्टल मय जीवित कारतूस आदि।

## जनपद मैनपुरी/थाना भोगॉव

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के 02 बोलेरो वाहन, 01 ट्रैक्टर मय लोड़र**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 22.02.2025 को थाना भोगॉव व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर जीटी रोड़ से ग्राम महादिया को जाने वाले रास्ते पर बंद ईंट भट्टे के खण्डहर से 02 अभियुक्तों 1–सादिक 2–इमरान को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार

अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के 02 बोलेरो वाहन, 01 ट्रैक्टर मय लोड़र, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि थाना भोगॉव क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना कारित की गयी थी, जिसके सम्बन्ध में थाना भोगॉव पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल की बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद वाहन चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना भोगॉव पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—सादिक निवासी रामनगर थाना मलावन जनपद एटा।

2—इमरान निवासी कौंची थाना सकीट जनपद एटा।

**बरामदगी**

1—चोरी के 02 बोलेरो वाहन, 01 ट्रैक्टर मय लोड़र।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

——————